दिनांक : 13.07.2025 समय : 07.10PM

**प्रादेशिक समाचार**
**आकाशवाणी, भोपाल**

**मुख्य समाचार**

- **श्रमिकों के बेहतर स्वास्थ्य और जीवन शैली के लिए ष्श्रीष् पहल की हुई शुरूआत।**
- **स्वच्छता सर्वेक्षण में मध्यप्रदेश एक बार फिर से गौरवांवित होगाए कहा.मुख्यमंत्री ने।**
- **मुख्यमंत्री डॉण् मोहन यादव प्रदेश में निवेश को बढ़ावा देने के लिये आज से 19 जुलाई तक दुबई और स्पेन की यात्रा पर।**
- **प्रदेश के कई जिलों में तेज बारिशए 19 जिलों में अतिभारी बारिश का अलर्ट।**

**श्री- पहल - श्रमिक**

श्रमिकों के स्वास्थ्यए जागरूकता और जीवनशैली सुधार के लिए श्री नाम से नई पहल की शुरुआत की गई है। श्रम तथा पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल ने बताया कि श्रम विभाग ने श्रमिकों की भलाई और उत्पादकता बढ़ाने के उद्देश्य से इस पहल के अंतर्गत कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं।

श्री - पहल के तहत मुख्य रूप से नशा न करने की पहलए दैनिक व्यायाम का महत्व और मधुमेह जैसी बीमारियों से बचाव के लिए आहार नियंत्रण जैसे विषयों पर जागरूकता फैलाई जाएगी। इसके लिए कर्मचारी राज्य बीमा ;ईएसआईद्ध तंत्र के साथ संबल योजनाए श्रम कल्याण योजनाएं एवं निर्माण श्रमिक कल्याण बोर्ड डेटाबेस का प्रभावी उपयोग किया जाएगा। इन विभिन्न प्लेटफ़ॉर्म्स के माध्यम से राज्य में बड़ी संख्या में श्रमिकों तक स्वास्थ्य संबंधी जानकारी पहुंचाई जाएगी।

**स्वच्छता सर्वेक्षण पुरस्कार**

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि स्वच्छता सर्वेक्षण पुरस्कार में मध्य प्रदेश एक बार फिर से गौरवान्वित होगा। उन्होंने बताया कि आगामी 17 जुलाई को राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू द्वारा मध्यप्रदेश के आठ शहरों को स्वच्छता की विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर सम्मानित किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने बताया कि ण्ण्ण्ण्

केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अपने संसदीय क्षेत्र बुधनी को सुपर स्वच्छ लीग सिटी की नई श्रेणी में नामित होने पर सभी क्षेत्रवासियों और नगरीय निकायो के अधिकारीं.कर्मचारियों को बधाई दी है।

## राजनाथ. ब्रह्मोस मिसाइल

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान ब्रह्मोस मिसाइल ने उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद विदेशों में ब्रह्मोस मिसाइल की मांग बढ़ गई है। श्री सिंह ने अपने संसदीय क्षेत्र लखनऊ के नेशनल पीजी कॉलेज में उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्ययमंत्री चंद्र भानु गुप्ताश की प्रतिमा का अनावरण करने के बाद कहा कि 14 देशों ने ब्रह्मोस मिसाइल के बारे में पूछा है और ये लखनऊ से उन देशों में भेजी जाएंगी। इससे राज्य में रोजगार के अवसरों में वृद्धि होगी।

## निवेश यात्रा

मुख्यमंत्री डॉण् मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में प्रदेश में निवेशकों का यज्ञ चल रहा हैए जिसमें बड़े पैमाने पर निवेशकों से समर्थन मिल रहा है। प्रदेश सरकार आकर्षक औद्योगिक और निवेश नीतियों के माध्यम से निवेश आकर्षित करने का निरंतर प्रयास कर रही है।
 मुख्यमंत्री डॉण् यादव ने बताया कि दुबई और स्पेन की विदेश यात्रा के माध्यम से विदेशी निवेशकों को प्रदेश में निवेश संभावनाओं और आकर्षक निवेश नीतियों से अवगत कराया जाएगा। गौरतलब है कि यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री आज से 19 जुलाई तक दुबई और स्पेन की यात्रा पर रहेंगे। इस दौरान डॉण् यादव निवेशकों को मध्यप्रदेश में निवेश की अपार संभावनाओं से अवगत कराएंगे। वहीं यात्रा पर इन्वेस्ट इन मध्यप्रदेश बिजनेस फोरम में निवेशकों से संवाद भी करेंगे।

## केंद्र.उर्वरक

केंद्र सरकार ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को नकली और घटिया उर्वरकों की आपूर्ति पर तत्काल कठोर कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों को इस बारे में एक पत्र लिखा है। कृषि मंत्री ने कहा कि उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करना राज्यों का दायित्व है। श्री चौहान ने राज्यों से दोषियों का लाइसेंस रद्द कर प्राथमिकी दर्ज करने को भी कहा है।

## विधानसभा बैठक.तैयारी

मध्य प्रदेश विधानसभा की कार्रवाई की प्रणाली की बेहतरी के लिए कल पीठासीन अधिकारियों की बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में देश के सात राज्यों के विधानसभा अध्यक्ष और अधिकारी हिस्सा लेंगे। इसमें सिक्किमए उत्तर प्रदेशए मध्य प्रदेशए ओडिसाए हिमाचल प्रदेशए राजस्थान और पश्चिम बंगाल शामिल हैं। बैठक के संबंध में विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने आज विधानसभा का निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

## रेल . सीसीटीवी कैमरा

रेल विभाग ने रेलगाड़ियों की सभी बोगियों में यात्रियों की सुरक्षा में वृद्धि करने के लिए सीसीटीवी कैमरा लगाने का फैसला किया है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने रेल इंजनों और बोगियों में सीसीटीवी कैमरा लगाने की प्रगति की समीक्षा की है। श्री वैष्णव ने सभी 74 हजार बोगियों और 15 हजार रेल इंजनों में सीसीटीवी कैमरा लगाने को मंजूरी दी है। प्रत्येक कोच में चार डोम टाइप सीसीटीवी कैमरा और रेल इंजनों में छह सीसीटीवी कैमरा लगाये जाएंगे। उन्होंने अधिकारियों से एआई का उपयोग करने की भी अपील की।
मौसम

प्रदेश के कई जिलों में तेज बारिश का दौर जारी है। रीवाए सतनाए मैहर और छतरपुर जिलों के कई गांवों में लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुँचाया गया है। पिछले 24 घंटों के दौरान छतरपुर जिले में सबसे अधिक बारिश दर्ज की गई। खजुराहो में रनगुवां बांध के 15 गेट खोले गए हैं। सीहोर, विदिशा, देवास, शिवपुरी, टीकमगढ़, अशोकनगर में भी तेज बारिश हो रही है। जिससे नदीए नाले ऊफान पर हैं। प्रशासन ने लोगों से जलस्रोतों से दूर रहने की अपील की है। मौसम विभाग ने ग्वालियर, मुरैना, हरदा, खंडवा और खरगोन सहित 19 जिलों में अत्यधिक तेज बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। भोपालए अलीराजपुरए इंदौर और देवास सहित राज्य के 22 जिलों में तेज बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है।

**एक्सिओम मिशन . शुक्ला**

भारतीय अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला और एक्सिओम.4 मिशन के तीन अन्य अंतरिक्ष यात्रियों की वापसी यात्रा कल शुरू होगी। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री जितेंद्र सिंह ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि ये सभी अंतरिक्ष यात्री मंगलवार को दोपहर लगभग तीन बजे पृथ्वी पर वापस आ जाएंगे।

ग्रुप कैप्टन शुक्ला अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के 14 दिन के मिशन पर हैं। वे इस स्टेशन पर जाने वाले पहले भारतीय और 1984 में अंतरिक्ष में गए विंग कमांडर राकेश शर्मा के बाद दूसरे भारतीय अंतरिक्ष यात्री हैं। इस यात्रा के दौरानए ग्रुप कैप्टन शुक्ला ने भारत से संबंधित सात प्रयोग किए।

**चेतक ब्रिज हादसा.शिवराज**

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल स्थित चेतक ब्रिज पर हादसे में घायल हुए युवक को अपनी गाड़ी से अस्पताल पहुंचाया। दरअसल शिवराज सिंह चौहान अवधपुरी भोपाल में आयोजित जैन समाज के कार्यक्रम में सम्मिलित होने जा रहे थेए इस दौरान चेतक ब्रिज पर भीड़ इकट्ठा देख शिवराज ने अपना काफिला रुकवाया और घायल युवक को अपनी गाड़ी से इलाज के लिए अस्पताल भेजा। साथ में एक अधिकारी को भी साथ जाने के निर्देश दिएए साथ ही शिवराज सिंह चौहान ने तत्काल नजदीक के अस्पताल के डॉक्टर से फोन पर बात की और घायल युवक का जल्द से जल्द इलाज करने के निर्देश दिए।

**कुछ समाचार संक्षेप में**

- 1993 बैच की मध्य प्रदेश कैडर की भारतीय पुलिस सेवा अधिकारी आईपीएस सोनाली मिश्रा अर्ध सैनिक बल की पहली महिला महानिदेशक होंगी।

- धार में शास्त्रीय संगीत सभा का आयोजन किया गया। जिसमें भोपाल के प्रसिद्ध शास्त्रीय गायक विजय सप्रे ने अपने शास्त्रीय गायन की प्रस्तुति दी वहीं प्रसिद्ध कथक नृत्यांगना डॉण् वीण् अनुराधा सिंह द्वारा एकल और समूह कथक नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी गई।

- आगरमालवा जिले के सांदीपनि विद्यालयो में संचालित बसों के चालक एवं परिचालक को आज एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में यातायात नियमों एवं बच्चों की सुरक्षा लिहाज से बरती जाने वाली सावधानियां को लेकर विस्तृत जानकारी दी गई।

- गुना में 23 जुलाई को जिला पंचायत विश्राम गृह में युवा संगम कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसमें प्रदेश की निजी क्षेत्र की विभिन्न कंपनियां शामिल होंगी। जिनके द्वारा साक्षात्कार के माध्यम से निजी क्षेत्र में रोजगार उपलब्ध कराया जायेगा।

- मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालयए भोपाल में आज नृत्यए गायन एवं वादन पर केंद्रित गतिविधि श्संभावनाश् का आयोजन किया गया। जिसमें इंन्दरसिंह निगवाल एवं साथीए धार द्वारा भील जनजातीय भगोरिया नृत्य एवं दीपेश पाण्डेय एवं साथीए सागर द्वारा बधाई नृत्य की प्रस्तुति दी गई।

- खण्डवा जिले में शहरी व ग्रामीण प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रए मुख्यमंत्री संजीवनी क्लिनिक एवं उपस्वास्थ्य केंद्रों में कलश्आयुष्मान आरोग्य शिविरश् आयोजित किए जाएंगे।

.......

**(1) श्री- पहल - श्रमिक**

श्रमिकों के स्वास्थ्य जागरूकता और जीवनशैली सुधार के लिए श्री नाम से नई पहल की शुरुआत की गई है। श्रम तथा पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल ने बताया कि श्रम विभाग ने श्रमिकों की भलाई और उत्पादकता बढ़ाने के उद्देश्य से इस पहल के अंतर्गत कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं।

श्री – पहल के तहत मुख्य रूप से नशा न करने की पहलए दैनिक व्यायाम का महत्व और मधुमेह जैसी बीमारियों से बचाव के लिए आहार नियंत्रण जैसे विषयों पर जागरूकता फैलाई जाएगी। इसके लिए कर्मचारी राज्य बीमा ;ईएसआईद्ध तंत्र के साथ संबल योजनाए श्रम कल्याण योजनाएं एवं निर्माण श्रमिक कल्याण बोर्ड डेटाबेस का प्रभावी उपयोग किया जाएगा। इन विभिन्न प्लेटफ़ॉर्म्स के माध्यम से राज्य में बड़ी संख्या में श्रमिकों तक स्वास्थ्य संबंधी जानकारी पहुंचाई जाएगी।

**(2) स्वच्छता सर्वेक्षण पुरस्कार**

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि स्वच्छता सर्वेक्षण पुरस्कार में मध्य प्रदेश एक बार फिर से गौरवान्वित होगा। उन्होंने बताया कि आगामी 17 जुलाई को राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू द्वारा मध्यप्रदेश के आठ शहरों को स्वच्छता की विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर सम्मानित किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने बताया कि ण्ण्ण्ण्

केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अपने संसदीय क्षेत्र बुधनी को सुपर स्वच्छ लीग सिटी की नई श्रेणी में नामित होने पर सभी क्षेत्रवासियों और नगरीय निकायो के अधिकारीं.कर्मचारियों को बधाई दी है।

**(3) निवेश यात्रा**

मुख्यमंत्री डॉण् मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में प्रदेश में निवेशकों का यज्ञ चल रहा हैए जिसमें बड़े पैमाने पर निवेशकों से समर्थन मिल रहा है। प्रदेश सरकार आकर्षक औद्योगिक और निवेश नीतियों के माध्यम से निवेश आकर्षित करने का निरंतर प्रयास कर रही है। मुख्यमंत्री डॉण् यादव ने बताया कि दुबई और स्पेन की विदेश यात्रा के माध्यम से विदेशी निवेशकों को प्रदेश में निवेश संभावनाओं और आकर्षक निवेश नीतियों से अवगत कराया जाएगा। गौरतलब है कि यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री आज से 19 जुलाई तक दुबई और स्पेन की यात्रा पर रहेंगे। इस दौरान डॉण् यादव निवेशकों को मध्यप्रदेश में निवेश की अपार संभावनाओं से अवगत कराएंगे। वहीं यात्रा पर इन्वेस्ट इन मध्यप्रदेश बिजनेस फोरम में निवेशकों से संवाद भी करेंगे।

**(4) विधानसभा बैठक.तैयारी**

मध्य प्रदेश विधानसभा की कार्रवाई की प्रणाली की बेहतरी के लिए कल पीठासीन अधिकारियों की बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में देश के सात राज्यों के विधानसभा अध्यक्ष और अधिकारी हिस्सा लेंगे। इसमें सिक्किमए उत्तर प्रदेशए मध्य प्रदेशए ओडिसाए हिमाचल प्रदेशए राजस्थान और पश्चिम बंगाल शामिल हैं। बैठक के संबंध में विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने आज विधानसभा का निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

**(5) मौसम**

प्रदेश के कई जिलों में तेज बारिश का दौर जारी है। रीवाए सतनाए मैहर और छतरपुर जिलों के कई गांवों में लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुँचाया गया है। पिछले 24 घंटों के दौरान छतरपुर जिले में सबसे अधिक बारिश दर्ज की गई। खजुराहो में रनगुवां बांध के 15 गेट खोले गए हैं। सीहोरए विदिशाए देवासए शिवपुरीए टीकमगढ़ए अशोकनगर में भी तेज बारिश हो रही है। जिससे नदीए नाले ऊफान पर हैं। प्रशासन ने लोगों से जलस्रोतों से दूर रहने की अपील की है। मौसम विभाग ने ग्वालियरए मुरैनाए हरदाए खंडवा और खरगोन सहित 19 जिलों में अत्यधिक तेज बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। भोपालए अलीराजपुरए इंदौर और देवास सहित राज्य के 22 जिलों में तेज बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है।

-------------------